कोटद्वार, गुरूवार
26 दिसम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 229 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर बुजुर्ग से 13.50 लाख हड़पे

देहरादून। दून में एक बुजुर्ग के नाम पर जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर उनसे 13.50 लाख रुपये हड़प दिया गया। करीब 06 साल पुराने मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पटेलनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुंठी ने बताया कि रामपाल निवासी राजमंजी मसूरी ने तहरीर दी कि वो अनुसूचित जाति से हैं और 2018 में मसूरी नगर पालिका से सुपरवाईजर पद से सेवानिवृत्त हुए। 2018 में ही उनकी मुलाकात दो भाई सतेंद्र प्रकाश बहुगुणा और देंवेंद्र प्रकाश दोनों निवासी ब्राहमणवाला देहरादून से हुई थी। दोनों ने उनकी मुलाकात सोनू गुप्ता निवासी आईएसबीटी, राम सिंह नेगी निवासी भटटागांव मसूरी रोड देहरादून, शहजाद निवासी टर्नर रोड देहरादून से कराई। आरोपियों ने दोनों को ब्रह्मणवाला में एक जमीन दिखाई। जमीन की रजिस्ट्री से पहले उनसे 13.50 लाख रुपये लिए गए। 22 अगस्त 2019 को देहरादून कोर्ट परिसर में उनके नाम पर रजिस्ट्री कराई गई। रजिस्ट्री में उनका नाम भूमि स्वामी के रूप में दर्ज किया गया। इसके बाद जब वो जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे तो आसपास के कुछ लोगों ने इसपर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह जमीन गलत तरीके से उन्हें बेची गई है।

### दो भाइयों पर चाकू से हमला

देहरादून। नगर कोतवाली क्षेत्र में दो सगे भाइयों पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आशीष पंवार निवासी धामावाला मौहल्ला ने तहरीर दी कि वो रविवार रात अपने भाई के साथ लैंसडौन चौक के समीप घूम रहा था। इस दौरान एक युवक ने उनके साथ धक्का मुक्की की। विरोध करने पर उसने चाकू निकाला और हमला कर दिया।

## देश की बड़ी नदी परियोजनाओं के पीछे बाबा साहेब का विजन : पीएम मोदी



खजुराहो ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के खजुराहो में केन–बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने देश की बड़ी नदी परियोजनाओं का श्रेय डॉ. भीमराव अंबेडकर को देते हुए कहा आजादी के बाद की जल घाटी परियोजनाओं के पीछे उन्हीं का विजन था। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली केन–बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास के मौके पर प्रधानमंत्री ने राज्य को कई अन्य सौगातें भी दीं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी पर एक डाक टिकट और एक स्मारक सिक्का भी जारी किया जिनकी आज 100वीं जयंती है।

पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जहां उसकी सरकार है वहां सुशासन हो ही नहीं सकता। इसे बुंदेलखंड के लोगों ने भी वर्षों तक भुगता है। पीढ़ी दर पीढ़ी यहां के किसान, माता–बहनों ने बूंद बूंद पानी के लिए संघर्ष किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस ने जल संकट के स्थाई समाधान के बारे में सोचा ही नहीं, इसको समझा ही नहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जल संरक्षण का क्रेडिट एक ही व्यक्ति को देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। देश की जल शक्ति, जल संसाधन, पानी के लिए बांधों के निर्माण का किसी एक महापुरुष को क्रेडिट जाता है तो वह डॉ. भीमराव अंबेडकर हैं। जल घाटी परियोजनाओं के पीछे उन्हीं का विजन था।

## हरियाणा में बारिश, कोहरा और शीतलहर का कहर : नए साल की शुरुआत ठंड के साथ

चंडीगढ़ ,पश्चिमी विक्षोभ के असर से हरियाणा में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी साफ दिखाई दे रहा है। मंगलवार रात को हुई बारिश और तेज बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है। दिसंबर के आखिरी दिनों में पड़ रही इस ठंड का आम जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए हरियाणा में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 25–26 दिसंबर को सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 27–28 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। दिन के तापमान में और गिरावट आने से ठंड बढ़ सकती है। खासकर बुजुर्गों और बच्चों को घर के अंदर रहने और गर्म कपड़े पहनने की हिदायत दी गई है। बारिश ने सर्दी का असर बढ़ा दिया है। पिछले दो दिनों में प्रदेश में औसतन 1.8 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इससे दिसंबर में अब तक हुई बारिश की 40 फीसदी कमी पूरी हो गई है।

## भीमताल में रोडवेज बस खाई में गिरी, 4 की मौत कई घायल

नैनीताल , अल्मोड़ा से हल्द्वानी आ रही उत्तराखंड रोडवेज बस आमडाली के पास गहरी खाई में गिर गई। जिसके बाद चीख–पुकार मच गई। बस में 30 यात्री सवार थे। जिसमें से चार लोगों की मौत हो गई। इनमें एक बच्चा भी शामिल है।भीमताल में हुए दर्दनाक बस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। दुर्घटना के बाद एनडीआरएफ (नेशनल डिसास्टर रिस्पांस फोर्स) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम भी मौके पर पहुंच गई हैं। इन टीमों ने घायलों को निकालने और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्तपताल ले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निकाला जा



रहा है। भीमताल में हुए बस हादसे के बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। बचाव कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए 15 एम्बुलेंस हल्द्वानी भेजे गए हैं, ताकि घायल यात्रियों को जल्दी से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सके। सीएम धामी ने सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म एक्स पर लिखा, भीमताल के निकट बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। स्थानीय प्रशासन को त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए निर्देशित किया है। बाबा केदार से सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं। उत्तराखंड में हाल के दिनों में सडक़ हादसों में वृद्धि ने चिंता बढ़ा दी है। पिछले महीने नवंबर में अल्मोड़ा में एक और बड़ा हादसा हुआ था, जब यात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इस दर्दनाक घटना में 36 लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह, 12 नवंबर को देहरादून में भी एक भयावह कार दुर्घटना हुई, जिसमें छह छात्रों की मौत हो गई थी।

## मुख्यमंत्री ने थानो स्थित लेखक गांव में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर थानो स्थित लेखक गांव में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने लेखक गांव में नालंदा पुस्तकालय एवं अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन और 72 फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज स्तम्भ स्थापित किया। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर लेखक गांव में अटल जी की मूर्ति के अनावरण और उनकी स्मृति पर आधारित व्याख्यानमाला का आयोजन कराना एक सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन से अटल जी द्वारा देश के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दिये गये योगदान को आने वाली पीढ़ियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अटल जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। राष्ट्रहित में उनके द्वारा शुरू किये गये कार्यों को



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। अटल जी संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में भाषण देने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लेखक गांव में अटल जी की स्मृति पर आधारित व्याख्यानमाला से लोगों को उनके जीवन के अनेक पहलुओं को जानने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनका स्मरण किया। उन्होंने कहा कि एक कवि, वक्ता और देश के प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी के कार्यों, विचारों और दूरदर्शिता ने देश को हमेशा एक नई दिशा देने का काम किया। वे देश में समानता और सामाजिक समरसता सुनिश्चित करने के प्रति सदा समर्पित रहे। अटल जी जब भारत के प्रधानमंत्री थे, उनके नेतृत्व वाली सरकार ने ही उत्तराखंड की स्थापना कर हमारे सपनों को साकार करने का काम किया। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि आज अटल जी की जयंती पर लेखक गांव में उनकी भव्य मूर्ति का अनावरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी का कवि, लेखक और विचारक के रूप में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। "लेखक गांव" देशप्रेम, साहित्य सृजन और शिक्षा के प्रति स्व. अटल जी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने का एक गंभीर प्रयास लगता है। लेखक गांव, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण साहित्य और कला के साधकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है।

उन्होंने इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लेखक गांव अतीत की गूंज, वर्तमान की ऊर्जा और भविष्य की संभावनाओं को एक मंच पर लाने का एक प्रमुख माध्यम बनकर उभर रहा है। आज यहां अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति व्याख्यान माला का शुभारंभ हो रहा है, जो निश्चित रूप से विचारों, संवादों और चिंतन के आदान–प्रदान का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

## केंद्र ने नौकरशाही में किया बड़ा फेरबदल, कई मंत्रालयों के सचिव बदले

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की शीर्ष नौकरशाही में आधा दर्जन मंत्रालयों में फेरबदल करते हुए करीब डेढ़ साल पहले अशांत मणिपुर को संभालने के लिए भेजे गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनीत जोशी को फिर से दिल्ली बुलाते हुए उन्हें शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा सचिव की नई जिम्मेदारी दी गई है। हाल ही में इस पद पर तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के. संजय मूर्ति को देश का नया नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) बनाए जाने के बाद यह पद खाली पड़ा था।

**छह वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले**

फिलहाल इसका जिम्मा शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा सचिव संजय कुमार के पास है। आईआईटी कानपुर से पढ़े जोशी मणिपुर कैडर के 92 बैच के आईएएस अधिकारी है। केंद्र सरकार ने इसके साथ छह और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के भी तबादले दिए है।

## नैक ग्रेडिंग के लिए राजकीय महाविद्यालयों पर नए बजट में बरसेगा धन

देहरादून। प्रदेश में तेजी से खोले गए राजकीय महाविद्यालय अब गुणवत्तापरक शिक्षा के दृष्टिगत बड़ी चुनौती बने हुए हैं। आवश्यक संसाधन और सुविधाएं नहीं होने से 75 महाविद्यालय यूजीसी और केंद्र सरकार से अनुदान पाने के पात्र नहीं हैं। अनुदान के लिए नैक ग्रेडिंग अनिवार्य है। हालत ये है कि कुल 116 राजकीय महाविद्यालयों में से 41 ही इसके पात्र बने हैं। 39 महाविद्यालय अगले वर्ष तक नैक ग्रेडिंग प्राप्त कर सकेंगे। नए वित्तीय वर्ष और 20 महाविद्यालयों को इसके दायरे में लाया जाएगा। इन महाविद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं जुटाने को नए बजट



में वित्तीय व्यवस्था के लिए शासन ने विभाग से प्रस्ताव मांगा है। प्रदेश में बड़ी संख्या में राजकीय महाविद्यालयों के पास प्रयोगशालाओं और स्तरीय पुस्तकालय जैसी आवश्यक सुविधाएं चाहिए। कुछ महाविद्यालय ऐसे भी हैं, जिनके भवन निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता को लेकर पेच फंसा हुआ है। संसाधनों की यह कमी नैक ग्रेडिंग पाने में आड़े आ रही है।

**महाविद्यालयों में होनी चाहिए आवश्यक सुविधाएं**

नैक ग्रेडिंग पाने के लिए महाविद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए। साथ में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की भागीदारी को भी जरूरी माना गया है, ताकि शैक्षिक वातावरण के साथ विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास पर भी जोर दिया जा सके।



## सम्पादकीय

# प्रत्याशी चयन की परीक्षा

निकाय चुनावों का ऐलान होने के साथ ही अब राजनीतिक दलों के आगे सबसे बड़ी चुनौती उम्मीदवारों के चयन को लेकर है। निकाय चुनाव पुराने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं और वार्ड स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता निकाय चुनाव में पार्टी के बैनर पर अपनी उम्मीदवारी पेश करना चाहते हैं। हालांकि पार्षद से लेकर मेयर के चुनाव तक पार्टी संगठन को नाको चने चबाने पड़ते हैं और उम्मीदवारों का चयन करने में अक्सर कई असंतुष्ट भी पैदा हो जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों के चयन को लेकर कार्य शुरू कर दिया है और प्रदेश अध्यक्ष दावा कर रहे हैं कि अगले तीन दिनों में उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। हालांकि मेयर को लेकर भाजपा में कई महत्वाकांक्षी उम्मीदवार हैं जिसमें वर्तमान मेयर से लेकर दूसरे बड़े पदाधिकारी भी अपनी उम्मीदवारी पेश करने वाले हैं। संगठन के लिए उम्मीदवारों का चुनाव एक जटिल प्रक्रिया साबित होने वाली है, लेकिन भाजपा के अग्रणी पंक्ति के नेता ऐसी परिस्थितियों से निपटना अच्छी तरह जानते हैं और विधानसभा चुनाव में भी ऐसी परिस्थितियों को बेहद कुशलता के साथ पार्टी के नेताओं ने मैनेज किया था। उधर कांग्रेस की बात करें तो वहां मेयर पद को लेकर फिलहाल अभी तक कोई ऐसा प्रभावशाली नाम नजर नहीं आया है जिसके बल पर कांग्रेस भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती महापौर पद के लिए उम्मीदवारी के चुनाव को लेकर है और सूत्रों की माने तो पहले भी कांग्रेस के उम्मीदवार रह चुके सूर्यकांत धस्माना का पलड़ा इस बार थोड़ा कमजोर साबित हो सकता है। इसका कारण यह है की अच्छा खासा प्रभाव होने के बावजूद भी वे जीत से दूर रह जाते हैं। इसके बाद अब कांग्रेस ऐसे उम्मीदवार को तलाश करने की कोशिश करेगी जो उसे मेयर की कुर्सी तक पहुंचा सके। अभी निश्चित नहीं है कि कांग्रेस किस नाम पर दाव लगाने वाली है? दोनों ही पार्टियों के लिए स्थिति बिल्कुल विकट है एक के पास उम्मीदवारों की लंबी चौड़ी फौज है तो दूसरे के पास एक मजबूत उम्मीदवार का नाम तलाशने की चुनौती। आने वाला एक सप्ताह प्रत्याशियों के चयन को लेकर सुर्खियों में रहेगा और वार्ड स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता निकाय चुनाव के माध्यम से अपने कार्य और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारी पेश करेंगे। देखना यह है कि दोनों दल उम्मीदवारी के दौरान सामने आने वाली और संतुष्टता का किस प्रकार से सामना करते हैं।

# खतरे की घंटी: एंटीबायोटिक का दुरुपयोग

—डॉ. सत्यवान सौरभ

**एंटीबायोटिक्स बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण का इलाज करते हैं। लेकिन वे वायरस से होने वाले संक्रमण (वायरल संक्रमण) का इलाज नहीं करते हैं। उदाहरण के लिए बैक्टीरिया के कारण होने वाले स्ट्रेप गले के लिए एंटीबायोटिक सही इलाज है। लेकिन यह अधिकांश गले की खराश के लिए सही इलाज नहीं है, जो वायरस के कारण होती हैं। भारत ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी—एएमआर) को लागू करके, रोगाणुरोधी प्रतिरोध कम करने में एक बड़ा कदम उठाया है, जो दुनियाभर में बढ़ती चिंता का विषय बन रहा है। यह रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर भारत की राष्ट्रीय कार्य योजना का एक प्रमुख घटक है। यह रणनीति स्वास्थ्य कर्मियों, आम जनता के साथ—साथ पशु चिकित्सा और कृषि उद्योगों में हितधारकों को शिक्षित करने के महत्व पर जोर देती है। यह शैक्षिक पहल जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने और एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग को कम करने में महत्वपूर्ण है।**

एंटीबायोटिक्स महत्वपूर्ण औषधियां हैं। कई एंटीबायोटिक्स बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण (जीवाणु संक्रमण) का सफलतापूर्वक इलाज कर सकते हैं। एंटीबायोटिक्स बीमारी को फैलने से रोक सकते हैं। और एंटीबायोटिक्स गंभीर रोग जटिलताओं को कम कर सकते हैं। लेकिन कुछ एंटीबायोटिक्स जो बैक्टीरिया संक्रमण के लिए विशिष्ट उपचार हुआ करते थे, अब उतना अच्छा काम नहीं करते हैं। और कुछ दवाएं कुछ जीवाणुओं के विरुद्ध बिल्कुल भी काम नहीं करती हैं। जब कोई एंटीबायोटिक बैक्टीरिया के कुछ उपभेदों के खिलाफ काम नहीं करता है, तो उन बैक्टीरिया को एंटीबायोटिक प्रतिरोधी कहा जाता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध दुनिया की सबसे जरूरी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। सर्दी और अन्य वायरल बीमारियों के लिए एंटीबायोटिक्स लेना काम नहीं करता है और यह ऐसे बैक्टीरिया पैदा कर सकता है जिन्हें मारना कठिन होता है। बहुत बार या गलत कारणों से एंटीबायोटिक लेने से बैक्टीरिया में इतना बदलाव आ सकता है कि एंटीबायोटिक्स उनके खिलाफ काम नहीं करते हैं। इसे जीवाणु प्रतिरोध या एंटीबायोटिक प्रतिरोध कहा जाता है।

लेकिन अगर कोई व्यक्ति बार—बार एंटीबायोटिक का इस्तेमाल कर रहा है तो बैक्टीरिया उस दवा के खिलाफ अपनी इम्युनिटी डवलप कर लेती है। इसके बाद इसे ठीक करना काफी ज्यादा मुश्किल होता है। इसे ही एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस कहते हैं। ऐसी स्थिति में इलाज तो ठीक से हो नहीं पाता बल्कि लिवर में टॉक्सिन जमा होने लगता है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने हाल ही में एक सर्वेक्षण में पाया कि अध्ययन के लिए सर्वेक्षण किए गए लगभग 10,000 अस्पताल के मरीजों में से आधे से अधिक को संक्रमण का इलाज करने के बजाए रोकने के लिए एंटीबायोटिक्स दिए गए थे। यह एक चिंताजनक संकेत है, क्योंकि भारत दुनियाभर में दवा प्रतिरोधी रोगजनकों के सबसे बड़े बोझ में से एक है, जिससे रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) के बड़े मामले सामने आते हैं। एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग— विशेष रूप से तब एंटीबायोटिक लेना जब वे सही उपचार न हों— एंटीबायोटिक प्रतिरोध को बढ़ावा देता है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार, लोगों में लगभग एक—तिहाई एंटीबायोटिक का उपयोग न तो आवश्यक है और न ही उचित है।एंटीबायोटिक्स बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण का इलाज करते हैं। लेकिन वे वायरस से होने वाले संक्रमण (वायरल संक्रमण) का इलाज नहीं करते हैं। उदाहरण के लिए बैक्टीरिया के कारण होने वाले स्ट्रेप गले के लिए एंटीबायोटिक सही इलाज है। लेकिन यह अधिकांश गले की खराश के लिए सही इलाज नहीं है, जो वायरस के कारण होती हैं। भारत ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी—एएमआर) को लागू करके, रोगाणुरोधी प्रतिरोध कम करने में एक बड़ा कदम उठाया है, जो दुनियाभर में बढ़ती चिंता का विषय बन रहा है। यह रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर भारत की राष्ट्रीय कार्य योजना का एक प्रमुख घटक है। यह रणनीति स्वास्थ्य कर्मियों, आम जनता के साथ—साथ पशु चिकित्सा और कृषि उद्योगों में हितधारकों को शिक्षित करने के महत्व पर जोर देती है। यह शैक्षिक पहल जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने और एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग को कम करने में महत्वपूर्ण है। योजना मानती है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध केवल मानव स्वास्थ्य के लिए एक चुनौती नहीं है, यह पशु चिकित्सा और पर्यावरणीय सेटिंग में एंटीबायोटिक के दुरुपयोग का भी परिणाम है। जिनमें स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि और पर्यावरण के लिए जिम्मेदार मंत्रालय शामिल हैं।

रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर राष्ट्रीय कार्य योजना मजबूत डेटा संग्रह और निगरानी के महत्व को रेखांकित करती है। इसमें कृषि, मानव स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा क्षेत्रों में एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग की बारीकी से निगरानी करना शामिल है। हर दिन, हजारों लोग संक्रमक रोगों के इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती होते हैं जिन्हें एंटीबायोटिक चिकित्सा की आवश्यकता होती है। अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच एंटीबायोटिक का दुरुपयोग रोगाणुरोधी प्रतिरोध, प्रतिकूल घटनाओं और उपचार लागत का प्रमुख कारण है । प्रभावी और तर्कसंगत चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए अस्पताल की सेटिंग में एंटीबायोटिक सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि मरीजों के लिए एंटीबायोटिक नुस्खे बढ़ाने के उपायों से मरीजों को मदद मिल सकती है। स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सकों को अनुचित इनपेशेंट प्रिस्क्राइबिंग को कम करने में सहायता करने के लिए यह निर्धारित करना आवश्यक है कि अस्पतालों में कितनी बार गलत इनपेशेंट प्रिस्क्राइबिंग होती है और कम प्रिस्क्राइबिंग से मरीजों को कितना लाभ होगा!

एंटीबायोटिक नुस्खे दिशा निर्देशों की निगरानी और अनुपालन को लागू करने के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा होना चाहिए। इसमें गैर—अनुपालन को दंडित करने और अनुपालन को प्रोत्साहित करने के तंत्र शामिल हैं। एंटीबायोटिक प्रतिरोध पैटर्न की नियमित निगरानी महत्वपूर्ण है। दिशा निर्देशों की प्रभावशीलता का आकलन समय के साथ प्रतिरोध पैटर्न में परिवर्तनों को ट्रैक करने और सुधारात्मक कार्रवाई करने की क्षमता से किया जा सकता है। प्रतिरोध को कम करने के लिए आरक्षित एंटीबायोटिक दवाओं तक पहुंच को प्रतिबंधित करना महत्वपूर्ण है।

# कूड़ा—करकट डालने का स्थान बनते जा रहा समुद्र तल

मनीष कुमार चौधरी

उन्नीसवीं सदी की शुरुआत तक गहराई की अधिक विस्तृत वैज्ञानिक समझ ने आकार लेना शुरू नहीं किया था। जैसे—जैसे यूरोपीय और अमेरिकियों की वाणिज्यिक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं दुनिया भर में विस्तारित हुई, महासागर के बारे में अधिक सटीक और अधिक विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता भी बढ़ी, लेकिन जल्द ही विकास की अंधाधुंध दौड़ में समुद्र की इन गहराइयों का बेजा इस्तेमाल शुरू हो गया। समुद्र की गहराई का उपयोग बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री के लिए अंतिम विश्राम स्थल के रूप में भी किया गया। पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में ब्रिटिश, अमेरिकी, सोवियत, ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सरकारों ने सैकड़ों—हजारों टन अप्रचलित रासायनिक हथियारों को दुनिया भर के पानी की गहराई में या तो ड्रमों में या टुकड़ों में भेज दिया। हालांकि सार्वजनिक आक्रोश के कारण इस प्रथा को 1972 में समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2019 के एक अध्ययन में आर्कटिक महासागर के तल पर कम से कम 18 हजार रेडियोधर्मी वस्तुएं बिखरी हुई पाई गई, उनमें से कई को सोवियत संघ द्वारा वहां फेंक दिया गया था। जब ये वस्तुएं अपनी जहरीली विरासत को पानी में छोड़ना शुरू कर देंगी, तब क्या होगा? कई पर्यावरणविदों ने इस स्थिति को ह्यसमुद्र तल पर धीमी गति से चल रहा चेर्नोबिल कहा है। हालांकि सोवियत संघ ने किसी भी अन्य देश की तुलना में समुद्र तल पर अधिक परमाणु कचरा फेंका था, लेकिन वह निश्चित रूप से अकेला नहीं था। 1948 और 1982 के बीच, ब्रिटिश सरकार ने लगभग 70 हजार टन परमाणु कचरा समुद्र की गहराई में भेज दिया। भले ही कम मात्रा में ही सही, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड ऐसे कुछ देश हैं, जिन्होंने रेडियोधर्मी सामग्री के निपटान के लिए समुद्र का उपयोग किया है। 2019 में चीनी वैज्ञानिकों ने मारियाना ट्रेंच के तल पर रहने वाले उभयचरों के शरीर में 1940 और 50 के दशक में परमाणु बमों के विस्फोट से उपजे रेडियोधर्मी कार्बन—14 की खोज की। अब जबकि अंतरराष्ट्रीय संधियां समुद्र में रेडियोधर्मी सामग्री के डंपिंग पर रोक लगाती हैं, ब्रिटिश सरकार कुम्ब्रिया के समुद्र तल के नीचे 100 टन से अधिक प्लूटोनियम सहित 750,000 क्यूबिक मीटर परमाणु कचरे के निपटान की योजना तलाश रही है। 1946 से 1993 तक, तेरह देशों ने मुख्य रूप से चिकित्सा, अनुसंधान और परमाणु उद्योग से निकले लगभग 200,000 टन परमाणु/रेडियोधर्मी कचरे को निपटाने के लिए समुद्रों का किसी डंपिंग यार्ड की तरह उपयोग किया। भले ही समुद्र में डंपिंग के मामले में अब तक केवल निम्न स्तर के रेडियोधर्मी कचरे को ही डंप किया गया है, लेकिन समुद्र तल पर फैले सैकड़ों—हजारों टन परमाणु कचरे के धीमे क्षय की तरह, समुद्री जीवों के शरीर में लिखी गई मानव उद्योग की जहरीली विरासतें याद दिलाती हैं कि गहराई भूलने की जगह नहीं है कि जहां कुछ भी डाल दो और भूल जाओ। यह मान लेना आसान है कि हमारा ग्रह केवल स्थलीय वातावरण द्वारा परिभाषित है, वास्तव में विपरीत सच है। समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल लगभग 300 मिलियन टन प्लास्टिक का निर्माण होता है, इसमें से लगभग 14 मिलियन टन प्लास्टिक कचरे के रूप में हर साल समंदर में फेंक दिया जाता है।

# बहुउद्देशीय पैक्स— ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बदलाव का कारक

डॉ हेमा यादव

भारत में लगभग 2,70,000 ग्राम पंचायतें हैं, फिर भी इनमें से कई स्थानीय निकाय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों से वंचित हैं।

ऋण, आवश्यक सामग्री, बाजार और रोजगार प्रदान करने में इन प्राथमिक—स्तर की सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, मोदी सरकार ने अब तक सरकारी संस्थाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, यानि, बहुउद्देशीय पैस्क , और डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना लेकर आयी है । प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण के अनुसार, बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी, या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है । देश के हर गांव और पंचायत को कवर करने के लिए 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जारी है और यह पहल ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस योजना को दो आयामी कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है;

1. अगले पांच वर्षों में सभी पंचायतों और गांवों को कवर करने वाली नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना

2. मौजूदा सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण

अगले पांच वर्षों में 70,000 बहुउद्देशीय पैक्स, 56,000 नई बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां और 6,000 नई बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने तथा मौजूदा समितियों को मजबूत करने का लक्ष्य है।

मार्गदर्शिका का क्रियान्वयन

इस योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा एक मार्गदर्शनिका का शुभारंभ किया गया है । इस पुस्तिका में मानक प्रक्रियाओं, लक्ष्यों, समयसीमाओं, विशिष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और एक निगरानी तंत्र की रूपरेखाएं दी गई हैं। बहुद्देशीय पैक्स के लिए दिशानिर्देशों ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों दोनों को योजना को संरचित तरीके से निष्पादित करने में सक्षम बनाया है । बहुद्देशीय पैक्स के गठन में नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी जैसे भागीदार सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना कोष, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की योजनाओं का अभिसरण है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संतुलित विकास की सुविधा प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय समितियों के साथ—साथ अंतर—मंत्रालय समिति के माध्यम से प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। सहकारिता मंत्रालय के द्वारा नियमित निगरानी और समर्थन इसके प्रभावी कार्यान्वयन को मजबूती प्रदान करता है।

**राज्यों की उपलब्धियां**

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार देश में 10,458 नए बहुउद्देशीय पैक्स पंजीकृत किए गए हैं। बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों, बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समिति और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के गठन से ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार होगा और लोगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे । इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में छोटे और सीमांत किसानों, वंचित और कमजोर लोगों की भागीदारी में सुधार होगा।

आकांक्षी और वंचित जिलों और पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स के माध्यम से सदस्य—केंद्रित और समावेशी विकास मॉडल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा।

उत्तराखंड ने 2018 से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के विविधीकरण और आधुनिकीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई है । 2023 में मॉडल उपनियमों की शुरूआत ने सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय कृषि सहकारी समितियों में विकसित होने के लिए प्रेरित किया । इन समितियों ने कम्प्यूटरीकरण को अपनाया है, जिससे वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केंद्र, एलपीजी वितरण केंद्र और पेट्रोल खुदरा दुकानों को संचालित करने में सक्षम हो गए हैं। ओडिशा में, 1,529 बहुउद्देशीय पैक्स हैं जो आकांक्षी जिलों के साथ पूरी तरह से एकीकृत हैं, जो प्रभावी कार्यान्वयन और सार्थक क्षेत्रीय परिणाम सुनिश्चित करते हैं। महत्वपूर्ण भौगोलिक और क्षेत्रीय असमानताओं की विशेषता वाले राजस्थान ने डेयरी सहकारी समितियों पर विशेष जोर देते हुए 738 बहुउद्देशीय पैक्स स्थापित किए हैं। इसी तरह, गुजरात और महाराष्ट्र बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार प्रगति कर रहे हैं।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा**

भारत के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, पशुधन और मुर्गीपालन जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियाँ हैं जो आजीविका का स्रोत हैं, हालाँकि ऋण और बाज़ार तक पहुँच में ग्रामीण क्षेत्रों को अक्सर बाधाओं का सामना करना पड़ता है। मॉडल उपनियमों के संबल से बहुउद्देशीय पैक्स राष्ट्रीय आर्थिक विकास में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की भागीदारी को बढ़ाएगा। आवश्यक बुनियादी ढाँचे के साथ बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना, ऑनलाइन और भौतिक दोनों बाज़ारों तक बेहतर पहुँच, प्रौद्योगिकी का एकीकरण और कृषि मशीनीकरण को अपनाने से सप्लाई चेन में काफ़ी मजबूती आएगी, जिससे अंततः किसानों और उत्पादकों को फ़ायदा होगा । कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों में खेत से लेकर खाने तक के बीच प्रभावी चेन या लिंकेज बनाने के लिए, एकत्रीकरण, कृषि—लॉजिस्टिक्स और उत्पादकों को बाजार की जानकारी प्रदान करना महत्वपूर्ण है, जिससे वे बेहतर रूप से बाजार की मांग को पूरा कर सकें । यह दृष्टिकोण लाखों उत्पादकों को अवसरों का लाभ उठाने और उन्हें उनके बाज़ारों का विस्तार करने, उनके उत्पादों को उचित मूल्य और स्थायी आय और आजीविका प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

# बॉक्स ऑफिस पर नाना पाटेकर की वनवास का हाल बेहाल, लाखों में ही सिमट गया पहले दिन का कारोबार



अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर स्टारर वनवास का रिलीज से पहले काफी बज बना हुआ था. वहीं 20 दिसंबर को इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी. फिल्म की क्रिटिक्स ने काफी सराहना की है लेकिन ये मूवी दर्शकों को इम्प्रेस नहीं कप पाई और इसकी ओपनिंग काफी खराब रही है. चलिए यहां जानते हैं वनवास ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन किया है?वनवास को रिलीज के पहले दिन मुफासाः द लायन किंगह्ल के साथ क्लैश करना पड़ा है. वहीं अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 अभी भी ज्यादा स्क्रीनों के साथ बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है ऐसे में नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा की वनवास रिलीज के पहले ही दिन दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आईं. इसी के साथ इस फिल्म की शुरुआत काफी निराशाजनक हुई है. वहीं अब ह्यवनवासह्ल की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक वनवास ने रिलीज के पहले दिन महज 0.60 लाख की कमाई की है. हालांकि ये शुरुआती आंकड़े हैं ऑफिशियल नंबर्स आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है. वनवास की ओपनिंग काफी ठंडी रही है और ये रिलीज के पहले दिन एक करोड़ की भी कमाई नहीं कर पाई है. फिल्म ने बमुश्किल चंद लाखों में कलेक्शन किया है. फिल्म का पहले ही दिन ये हाल है तो इसका आगे का भविष्य भी अधर में ही नजर आ रहा है. वैसे भी पुष्पा 2 के आगे वनवास का टिकना नामुमकिन है. हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में फैमिली ड्रामा को दर्शक मिल पाते हैं या नहीं. वैसे ये आसान काम नहीं होगा क्योंकि क्रिसमस के दिन वरुण धवन की बेबी जॉन के आने से कंप्टीशन और ज्यादा बढ़ जाएगा. वनवास नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, सिमरन कौर ने लीड रोल प्ले किया है. वहीं सपोर्टिंग कलाकारों में खुशबू सुंदर, सिमरत कौर, राजपाल यादव अश्विनी कलसेकर, परितोष त्रिपाठी, मनीष वाधवा और राजेश शर्मा शामिल हैं.

## कोंस्टास वार्नर के क्लोन नहीं, बल्कि उनके स्वाभाविक उत्तराधिकारी हैं: चैपल

नई दिल्ली, किशोर बल्लेबाज सैम कोंस्टास भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण बॉक्सिंग डे टेस्ट में एमसीजी में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्रेग चैपल का मानना है कि यह युवा खिलाड़ी पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का स्वाभाविक उत्तराधिकारी है, न कि उनका क्लोन। सैम कोंस्टास बॉक्सिंग डे पर 468वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टेस्ट खिलाड़ी बन जाएंगे। 19 वर्षीय खिलाड़ी 2011 में 18 वर्षीय पैट कमिंस के पदार्पण के बाद बैगी ग्रीन में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन जाएंगे। चैपल ने द एज के लिए अपने कॉलम में लिखा, केवल 19 वर्ष की उम्र में, कोंस्टास इतिहास के शिखर पर हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होंगे। बॉक्सिंग डे पर उनका पदार्पण रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों है। कोंस्टास के पास शानदार रन बनाने और तेजी से अनुकूलन करने का स्वभाव और क्षमता है। कोंस्टास को सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी की जगह शामिल किया गया है, जिनके स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं द्वारा गाबा में ड्रॉ हुए तीसरे टेस्ट के दौरान दो एकल अंकों के स्कोर के बाद काफी बहस हो रही थी।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट नहीं खेलेगा राशिद खान, टीम को लगा बड़ा झटका, भरपाई मुश्किल



नईदिल्ली, पूरी दुनिया में क्रिसमस की धूम है लेकिन क्रिसमस के ठीक एक दिन बाद यानी 26 दिसंबर से क्रिकेट के फैंस के लिए जैसे महोत्सव शुरु हो रहा है. बॉक्सिंग डे पर एक नहीं, दो नहीं बल्कि 3 टेस्ट शुरु हो रहे हैं. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर सीरीज का चौथा टेस्ट मेलबर्न में शुरु हो रहा है. वहीं साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान की टीम भी सेंचूरियन में भिड़ेगी. तीसरा टेस्ट जिंबाब्वे और अफगानिस्तान के बुलावायो में खेला जाएगा. इस टेस्ट से एक दिग्गज खिलाड़ी बाहर हो गया है. जिंबाब्वे और अफगानिस्तान के बीच होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी राशिद खान बाहर हो गए हैं. अफगानिस्तान के लिए ये एक बहुत बड़ा झटका है. राशिद जितने अच्छे स्पिनर हैं उतने ही अच्छे निचले क्रम के बल्लेबाज हैं. इसलिए उनका टीम से बाहर होना अफगानिस्तान के लिए झटका है और टीम के लिए इसकी भरपाई मुश्किल है. राशिद खान के बॉक्सिंग डे मैट से बाहर रहने की वजह एक चैरिटी इवेंट है जिसमें राशिद को भाग लेना है. बता दें कि अंतरराष्ट्रीय और लीग क्रिकेट की व्यस्तता के बीच राशिद सामाजिक कार्यों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेते हैं. इसी वजह से उन्होंने आगामी टेस्ट से भी बाहर रहने का फैसला लिया है और इसमें उन्हें उनकी टीम मैनेजमेंट का सहयोग मिला है. राशिद खान 3 साल से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं. बॉक्सिंग डे टेस्ट को उनका वापसी टेस्ट माना जा रहा था लेकिन अब वे 2 जनवरी से शुरु हो रहे टेस्ट में प्लेइंग इलेवन में वापसी करेंगे. राशिद खान सिर्फ 5 टेस्ट मैच खेले हैं और 34 विकेट चटका चुके हैं. 137 रन देकर 7 विकेट उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन है. वे 4 बार 5 विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं.

# अनन्या पांडे की नई फिल्म चांद मेरा दिल का ऐलान, लक्ष्य लालवानी के साथ बनी जोड़ी

पिछली बार अभिनेत्री अनन्या पांडे को फिल्म सीटीआरएल में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब अनन्या ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम चांद मेरा दिल है। इस फिल्म में अनन्या की जोड़ी किल के अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ बनी है।यह पहला मौका है, जब दोनों कलाकार पहली बार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।चांद मेरा दिल के निर्देशन की कमान विवेक सोनी ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।धर्मा प्रोडक्शंस ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है।चांद मेरा दिल से अनन्या और लक्ष्य की पहली झलक भी सामने आ चुकी है, जिसमें दोनों का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है। अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की चांद मेरा दिल फिल्म के 4 पोस्टर सामने आए है. जिसमें से एक पोस्टर में, अनन्या और लक्ष्य एक स्वेटर के पीछे अपना मुंह छुपाए हुए दिख रहे हैं. इसके बाद दूसरे पोस्टर में दोनों अपना क्वालिटी टाइम बिताते दिखाई दिए हैं. जिसमें लक्ष्य अनन्या के कंधे पर अपना सिर रखे मुस्कुराते नजर आए हैं. जबकि तीसरे और चौथे पोस्टर में इस नए कपल की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिल रही है. चांद मेरा दिल का निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं. वहीं, फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं. जबकि फिल्म में लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे. फिल्म के रिलीज डेट की बात करें तो यह फिल्म अगले साल 2025 में रिलीज होगी. हालांकि, कब इसकी जानकारी मेकर्स ने साझा नहीं की है.ऐसे में अब देखना दिलचस्प होगा कि आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की ह्यरॉकी और रानी की प्रेम कहानी की तरह यह फिल्म भी हिट होती है या नहीं.

## बेबी जॉन का नया गाना बीस्ट मोड रिलीज, एक्शन अवतार में वरुण धवन ने दिखाया कमाल

वरुण धवन पिछले कुछ दिनों से फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।अब इस फिल्म का नया गाना बीस्ट मोड रिलीज हो गया है, जिस पर उनके प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं।इसी गाने के साथ फिल्म की एडवांस बुकिंग भी खुल गई है। वरुण ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। फिल्म के गाने में वरुण का जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। गाने को राजा कुमारी ने गाया है। इसकी शुरुआत वरुण से होती है, जो अपनी बेटी की खोज करते हैं और गुंडों से दो—दो हाथ करते दिख रहे हैं।पुलिस अफसर के किरदार में वरुण खूब जंच रहे हैं। उधर गुंडों के लीडर बने जैकी श्रॉफ का अवतार भी देखने लायक है।प्रशंसक सोशल मीडिया पर इस गाने की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। यह गाना देख एक यूजर ने लिखा, बेबी जॉन ब्लॉकबस्टर होगी।

# मैं सोच रही थी कि मेरी मां मेरे पहले वनडे शतक पर कितनी खुश होंगी: हरलीन



नई दिल्ली, भारत की बल्लेबाज हरलीन देओल, जिन्होंने वेस्टइंडीज पर 115 रनों की जीत में अपना पहला वनडे शतक बनाया, ने कहा कि वह सोच रही थी कि उनकी मां उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार शतक बनाते हुए देखकर कितनी खुश होंगी। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में, हरलीन ने 103 गेंदों पर 115 रन बनाए, जिसमें 16 चौके शामिल थे, जिससे भारत ने 358/5 का स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका संयुक्त उच्चतम स्कोर है। उन्होंने 62 गेंदों पर अपना अर्धशतक बनाया, और फिर तेजी से आगे बढ़ते हुए 98 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। मेरी मां हमेशा यही कहती रहती है कि भगवान उन्हें खुशियां देते हैं जो उन्हें बांटते हैं। जो लोग उन्हें बांटते नहीं, भगवान कहते हैं कि वे उन्हें बांट नहीं रहे हैं, क्योंकि वे इतनी छोटी सी खुशी से खुश नहीं होंगे। यह भगवान की योजना है। आपको बस इस पर विश्वास करते रहना है। उन पर भरोसा करते रहना है। बस यही एक बात है। बीसीसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में हरलीन ने कहा,आप यह नहीं सोच सकते कि काश मैं अगले 10 मैचों में 100 रन बना पाती । लेकिन ऐसा लगता है, यह भी संभव हो सकता है। जब मैं वहां था, तो मैं सोच रही थी कि मेरी मां कितनी खुश होंगी। मुझे याद है कि जब मैं घायल हुई थी, तो हर कोई मेरे आस—पास था। लेकिन तब मेरी मां एक ऐसी इंसान थी, जो कभी इस बात से चिढ़ती नहीं थी कि मैं चल नहीं सकती। हरलीन ने कहा, अगर आप पानी की बोतल उठाना चाहते हैं, तो आप ऐसा नहीं कर सकते। हरलीन की पारी का महत्व बहुत बड़ा है, क्योंकि उन्हें डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी और मुंबई में उनकी सर्जरी हुई थी। जेमिमा रोड्रिग्स, जिन्होंने 34 गेंदों में अर्धशतक लगाया और हरलीन के साथ चौथे विकेट के लिए सिर्फ 71 गेंदों पर 116 रनों की साझेदारी की, ने याद किया कि बल्लेबाज को शतक बनाते देखकर वह कितनी खुश थीं।

## एक नजर

### जन्म दिवस पर वाजपेयी को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहर में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का 100वां जन्म दिवस बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के अटल फाउंडेशन कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। अटल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार ने भारतरत्न स्व. वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर आयोजित गोष्ठी में उनके जीवन पर विस्तार से रोशनी डाली। कहा कि उन्होंने देश हित में कई अहम योजनाएं धरातल पर उतारी जिनका सभी वर्ग के लोगों को आज तक लाभ मिल रहा है।

### कीर्तिनगर और रेनबो स्कूल ने जीते मैच

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब अलकनंदा वैली की ओर से बुधवार को स्व. विमला जुगराण की स्मृति में विद्यालय की बालक एवं बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का शुरुआत हुई। सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ एनआईटी खेल मैदान में गढ़वाल विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मुकुल पंत ने किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मास्टर माइंड पब्लिक स्कूल एवं जीआईसी कीर्तिनगर के बीच खेला गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से पहाड़ में छुपी प्रतिभा बाहर आती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति भी आगे आने का आह्वान किया है। मास्टर माइंड की टीम ने टास जीत कर क्षेत्र रक्षण का चयन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीआईसी कीर्तिनगर की टीम ने 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को 131 रनों का लक्ष्य दिया। जीआईसी कीर्तिनगर की टीम से देवेंद्र ने 39 और अंकित ने 31 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर माइंड स्कूल ने 15 ओवरो में 115 रन ही बना पाई। (एजेंसी)

### मैराथन में मोनिका और सौरभ भंडारी रहे अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : क्षेत्र में नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को खेल विभाग पौड़ी ने मिनी मैराथन का आयोजन किया। मैराथन में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 79 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बुधवार को श्रीकोट स्टेडियम में बालक व बालिका वर्ग में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रभारी विकास शाह ने बताया कि खेल विभाग पौड़ी के तत्वाधान में श्रीकोट स्टेडियम से श्रीकोट चौकी और वापस स्टेडियम तक मैराथन आयोजित की गई। कहा कि बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मोनिका गिरी, दूसरा स्नेहा नेगी व तीसरा स्थान अदिति कंडारी ने प्राप्त किया। बालक वर्ग में सौरभ भंडारी ने प्रथम, आयुष पंवार ने द्वितीय व समर्थ असवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कहा कि मैराथन में टॉप दस को पारितोषिक भी दिया गया। मौके पर सुधा कंडारी, मनमोहन लखेड़ा, कार्तिक बहुगुणा, वीरेंद्र बर्तवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### देहलचौरी में शिविर आज

श्रीनगर गढ़वाल : तहसील श्रीनगर के अंतर्गत देहलचौरी में उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की ओर से गुरुवार को शिविर लगाया जायेगा। शिविर में विद्युत उपभोक्ता अपनी बिल संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

विद्युत विभाग श्रीनगर के अधिशासी अभियंता जीएस रावत ने बताया कि शिविर में नया विद्युत संयोजन में देरी होना, गलत बिल आना सहित विद्युत विभाग से सम्बंधित शिकायत का निस्तारण किया जायेगा। बताया कि उपभोक्ता अपनी शिकायतों को उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच को लिखित रूप में देनी होगी। (एजेंसी)

### श्रीनगर में किया सुंदर काण्ड का पारायण

श्रीनगर गढ़वाल : आरएसएस की धर्मजागरण गतिविधि और कड़क सेवा दल कमलेश्वर मन्दिर के सयुंक्त तत्वाधान में श्रीनगर क्षेत्र के विभिन्न मन्दिर मठों में सुन्दर काण्ड पाठ का पारायण किया गया। धर्म जागरण समिति के संयोजक भगवती कठैत ने बताया समिति का उद्देश्य सुन्दर काण्ड के माध्यम से सभी मठ, मन्दिरों मे जाकर सनातन संस्कृति का जागरण करना है। समिति से जुड़े युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिये समिति यह आयोजन करती है। कड़क सेवा दल के अध्यक्ष शैलेन्द्र रावत ने बताया है कि सेवा दल सुन्दर काण्ड पाठ के साथ ही मठ, मंदिरों में स्वच्छता अभियान भी चलाता है। सुन्दर काण्ड गायन मण्डली द्वारा 108 सुन्दर काण्ड पाठ का संकल्प लिया गया है। बताया कि धर्म जागरण समिति और कड़क सेवा दल द्वारा अभी तक सुन्दर काण्ड के पचास पाठ किये जा चुके हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया क्रिसमस पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कोटद्वार शहर में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गिरजा घरों में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। लोगों ने प्रार्थना कर प्रभु यीशू से अपने परिवार व देश के लिए सुख-शांति की कामना की। इस दौरान बिजनौर डायसिस के बिशप विनसेंट नेल्लाईपरम्बिल ने कहा कि प्रभु यीशू ने प्रेम का संदेश दिया था। हमें जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। क्रिसमस के मौके पर गिरजाघरों को मनमोहक तरीके से सजाया गया था। बुधवार को सुबह से ही गिरिजाघरों में क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। इससे पूर्व, महा गिरिजाघर में रात्रि करीब साढ़े नौ बजे से प्रार्थना सभा शुरू हुई, जो कि करीब मध्य रात्रि के बाद तक चली। तदुपरांत केक काटकर एक-दूसरे को खिलाते हुए क्रिसमस की बधाईयां दी गई। इस मौके पर प्रभु यीशू से संबंधित भजन भी गाए गए। बिशप विनसेंट नेल्लाईपरम्बिल ने कहा कि प्रभु यीशू ने दुनिया को शांति व प्रेम का संदेश दिया। दुनिया को पाप मुक्त करने के लिए ही यीशु ने धरती पर जन्म लिया। कहा कि प्रेम की शक्ति से ही दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाया जा सकता है। हमें प्रभु यीशु के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। महागिरिजाघर में यीशु के जीवन में आधारित झांकी को देखने के लिए क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। इस मौके पर फादर जार्ज, फीदर बीनू, फादर पीटर, फादर जीन्स, फादर बाबू जार्ज, फादर जैरिन सहित अन्य मौजूद रहे।


क्रिसमस के मौके पर मनमोहक लाइटो से सजाया गया गिरजाघर


कोटद्वार में गिरजाघर की खूबसूरती को देखने के लिए उमडी भीड़

**चर्च में हुई विशेष प्रार्थना**

क्रिसमस के मौके पर बीती मध्य रात्रि मैथोडिस्ट चर्च में भी विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पास्टर एली प्रिंस ने प्रभु ईसा मसीह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विश्व शांति के लिए भी प्रार्थना की। इस दौरान कैरोल टीमों द्वारा संगीत की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में देवेन नैथन, राजन चार्ल्स, अरूण चार्ल्स, जगतपाल सिंह, पैट्रिक विलियम आदि मौजूद रहे।

### पौड़ी में धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बुधवार को क्रिसमस का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ईसाई समुदाय के लोगों ने गिरजाघरों में प्रार्थना कर सभी प्रदेश वासियों के लिए सुख व समृद्धि की प्रार्थना की।

क्रिसमस के अवसर पर शहर के लोअर चोपड़ा व गडोली स्थित मैथोडिस्ट चर्चों में बुधवार सुबह से ही प्रभु यीशु के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों व प्रार्थनाओं का दौर चलता रहा। मैथोडिस्ट चर्च लोअर चोपड़ा के पास्टर हरीश मैथयूज व गडोली चर्च के पास्टल मैथयूस ने प्रभु ईसा मसीह के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीते मंगलवार की मध्य रात्रि तक बुजुर्गों, युवाओं व महिलाओं ने विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की। युवाओं ने दो दिन पूर्व से ही नगर के विभिन्न मोहल्लों में घर-घर जाकर कैरोल के रूप में प्रभु यीशु के गीतों व प्रार्थनाओं को लेकर नाइट वोर्थ सर्विस आयोजित की। सेंटाक्लॉज के रूप में अनिल डेविड ने बच्चों को मिठाइयां आदि बांटी। इस मौके पर आईबी सिंह, रवि वर्ग, अविनाश जॉन, विजय प्रकाश, अनिल सिंह, सुनील सिंह, हरीश विलियम, आशीष सिंह, प्रदीप सिंह आदि शामिल रहे।

# पहाड़ी बोली व संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने पहाड़ की बोली व संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया है। कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। इस दौरान पहाड़ की मूलभूत सुविधाओं के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का भी निर्णय लिया गया।

विकासखंड पोखड़ा के ग्राम गवाणी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विचार मंच के संस्थापक प्रवेश चंद्र नवानी व कवि पयास पोखड़ा ने ग्रामीणों से अपनी भाषा व संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। प्रोफेसर डा. एमडी कुशवाहा, पुष्कर जाशी, सुधीर सुंदरियाल ने कहा कि हमें अपने पहाड़ के बेहतर विकास के लिए एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। वक्ताओं ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के साथ ही पर्यावरण के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण दिलवाना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इस दौरान शिशु विद्या मंदिर गवाणी की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। साथी ही अशासकीय विद्यालय के बेहतर विकास के लिए ग्राम प्रधान रेखा सुरेंद्र सुंदरियाल व पुष्कर जोशी के कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान कृषि से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर वीपी डबराल, सुनीता नवानी, विनीता जोशी, प्रवेश गौनियाल, दुर्गा गौनियाल, बीना नवानी, शिवानी रावत आदि मौजूद रहे।

### गुलदार के आतंक से दहशत में लोग

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : दीवारेंज धुमाकोट क्षेत्र के तहत गुजड़ू पट्टी ग्राम जमणधार और धौलियाना में लंबे समय से गुलदार का आतंक बना हुआ है। जिस कारण लोग दहशत में है। स्थानीय लोगों ने गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की मांग की है गुलदार कई बार आबादी क्षेत्र में घुसकर पालतू जानवरों को निवाला बना चुका है। इस सप्ताह दो गायों को शिकार बनाया। वहीं, दो दिन पहले गांव के पास सड़क किनारे चरती गाय को भी मार डाला। उससे एक दिन पहले जमणधार गांव की मंथा देवी की गाय को गांव के बीच स्थित गोशाला में मार दिया। गुलदार ने धौलियाना के देशबंधु बिष्ट की खेतों में चरती बकरी को भी निवाला बनाया। पूर्व प्रधान रघुबीर नेगी, ग्रामीण जसवंत सुंद्रियाल, रघुबीर सिंह, कुलदीप, मंथा देवी, जगतराम देवरानी आदि का कहना है कि जंगली जानवरों के आतंक से गांव में मुश्किलें बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन जंगली जानवरों के आतंक से गांव के लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों का एथलेटिक्स में चयन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के तीन छात्र-छात्राओं का चयन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डा. हीरा सिंह डुंगरियाल ने बताया कि महाविद्यालय से चार सौ मीटर दौड़ के लिए आसिफ अली, आठ सौ मीटर दौड़ के लिए शीतल का चयन हुआ है। प्रतिभागी 26 दिसंबर को कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। वहीं, छात्र संतोषी का चयन योग प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

योग प्रतियोगिता बुधवार को आईआईटी भुवनेश्वर में हुई, जिसमें संतोषी ने योग के कठिन आसानों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य डा. डीएस नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता से महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। डा. संदीप किमोठी ने बताया कि इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक विभाग से डा. जुनीश कुमार, डा. प्रीती रानी, डा. सुमन सिंह राणा, डा. दया किशोर जोशी, बसंती, आशा देवी, वीसी शाह, डा. अभिषेक गोयल, डा. राखी डिमरी, डा. प्रवीन जोशी, डा. सुषमा थलेडी भट्ट, डा. भागवत रावत, डा. संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डा. डीएस नेगी के साथ चयनित हुए विद्यार्थी

# कांग्रेस ने महानायक को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की जयंती पर कांग्रेस ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में गढ़वाली के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

बुधवार को कांग्रेसियों ने तहसील परिसर में पहुंचकर वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को वीर योद्धा व बहुआयामी प्रतिभा का धनी व्यक्ति बताया। कहा कि गढ़वाली के गढ़वाली सीज फायर जैसे निर्णय से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में एक नई चेतना का संचार हुआ, जिससे आजादी का आंदोलन और तेज हो गया। इस मौके पर संजय मित्तल, प्रवीन रावत, विजय रावत, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, महावीर सिंह रावत, रश्मि पटवाल, सुदर्शन रावत, गणेश नेगी, बृजपाल सिंह, सुधा असवाल मौजूद रहे। उधर, जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी वीर चंद्र सिंह गढ़वाली का जन्म दिवस उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में विनोद डबराल ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली ने पेशावर में निहत्थे पठानों पर गोली चलाने से इंकार कर अंग्रेजी हुकूमत में खलबली मचा दी थी। कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली वास्तव में देश के सच्चे वीर सैनिक थे। इस मौके पर बलवीर सिंह रावत, विनोद, भारत सिंह नेगी, हरीश नेगी, महावीर नेगी, मनोज रावत, कृपाल सिंह, प्रदीप रावत, चंद्रमोहन सिंह रावत, देवेंद्र सिंह नेगी मौजूद रहे।


कोटद्वार में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी

### मृतकों के परिजनों को मिलेगें 10 लाख की सहायता राशि

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भीमताल के ओखल में हुई बस दुर्घटना के मृतकों के परिजनों और घायलों को राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। इसमें उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा 5 लाख, जबकि सड़क सुरक्षा निधि से 2 लाख और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 3 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसी प्रकार गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 3 लाख एवं सामान्य रूप से घायल व्यक्तियों को 15-25 हजार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस दुर्घटना के मृतकों के परिजनों और घायलों को राहत राशि के साथ ही सरकार के स्तर से उन्हें हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गंभीर रूप से घायल लोगों को आवश्यकता अनुसार हायर सेंटर रेफर करने के भी निर्देश दिए।

# नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज, नामांकन/मतगणना स्थल चयनित

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। निकायों में मेयर, अध्यक्ष, पार्षद, सभासद पद के 27 से 30 दिसंबर तक नामांकन होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अफसरों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम डा. आशीष चौहान ने बताया कि नगर निगम कोटद्वार के लिए तहसील कार्यालय कोटद्वार व नगर निगम श्रीनगर के लिए तहसील श्रीनगर में ही नामांकन होंगे। नगर निगम कोटद्वार की मतगणना पीतांबर दत्त बर्थवाल पीजी कालेज कोटद्वार में होगी, जबकि नगर निगम श्रीनगर की मतगणना श्रीनगर तहसील कार्यालय में होगी। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद पौड़ी के लिए तहसील कार्यालय पौड़ी में नामांकन होंगे, जबकि मतगणना राइंका पौड़ी सभागार में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दुगडडा नगर पालिका के लिए नामांकन तहसील कार्यालय कोटद्वार में व मतगणना पीतांबर दत्त बर्थवाल पीजी कालेज कोटद्वार में होगी। नगर पंचायत स्वर्गाश्रम जौंक के लिए राइंका लक्ष्मणझूला में नामांकन व राइंका लक्ष्मणझूला में मतगणना होगी। नगर पंचायत सतपुली के लिए तहसील सतपुली में नामांकन व राइंका सतपुली में मतगणना, नगर पंचायत थलीसैंण के लिए तहसील थलीसैंण में नामांकन व तहसील में ही मतगणना की जाएगी।

# पैरालाइज मरीज हैली एंबुलेंस से पहुंचा दूरस्थ गांव डुमक




**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली** : चमोली के सुदूरवर्ती गांव डुमक के रहने वाले भवान सिंह गंभीर रूप से पैरालाइज है। विगत कुछ समय से उनका इलाज ऋषिकेश एम्स में चल रहा था। उनकी बीमारी अत्यंत गंभीर होने और चिकित्सकों द्वारा उनको घर ले जाने की सलाह दी गई और एम्स से डिस्चार्ज किया गया। पैरालाइज मरीज की स्थिति नाजुक होने और डुमक गांव सड़क से करीब 6 किलोमीटर दूर होने पर मरीज को स्वयं घर तक पहुंचाना मुश्किल था। इस पर उनके परिजनों ने हैली एंबुलेंस की मांग की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में यह मामला आने पर उन्होंने जटिल और दुर्गम परिस्थितियों को देखते हुए चमोली जिले के जिलाधिकारी संदीप तिवारी को मरीज को सकुशल घर तक पहुंचाने के लिए हैली एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिलाधिकारी ने सरकार के सहयोग से संचालित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश की आपातकालीन निःशुल्क हेली एंबुलेंस सेवा से विशेष अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि डुमक गांव काफी दुर्गम क्षेत्र में है और सड़क से 06 किलोमीटर के पैदल दूरी पर स्थित है। इस पर एम्स ऋषिकेश में हैली एंबुलेंस के नोडल अधिकारी डॉ. मधुर उनियाल ने विशेष केस बनाते हुए मरीज को बुधवार को हैली एंबुलेंस से डुमक गांव भेजा गया।

# दमकल विभाग ने सिखाए आग से बचाव के तरीके

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग ने विद्यार्थियों को आगे से बचाव के तरीके बताए।

बुधवार को कार्यशाला से पूर्व विद्यालय में तुलसी पूजन का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तुलसी के गुणों के बारे में बताया। कहा कि धार्मिक व वैज्ञानिक तरीके से तुलसी मानव के लिए अमृत के समान है। एनएसएस के पूर्व जिला समन्वयक परितोष रावत ने बताया कि इसके उपरांत अग्निशमन विभाग ने विद्यार्थियों को आग से बचाव के फायदे बताए। कहा कि आग से बचाव के लिए आमजन का जागरूक होना आवश्यक है। कहीं भी आग लगने पर इसकी सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दें। कार्यशाला में स्कूलों से भी अपने कार्यालयों में अग्निशमन उपकरण लगवाने की अपील की गई। कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उपकरणों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक हिमांशु द्विवेदी, शिक्षक सतेंद्र सिंह नेगी, डबल सिंह नेगी, रोशन सिंह, सुभाष कंडवाल आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार के श्री गुरु राम राय स्कूल में बच्चों को आगे से बचाव के तरीके बताते अधिकारी

# पशुओं के संरक्षण को सरकार ने नहीं दिया सहयोग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं के संरक्षण को लेकर जागृति संस्था का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी व पूर्व काबीना मंत्री ने आंदोलन को अपना समर्थन दिया। निवर्तमान महापौर ने कहा कि शहर की सड़कों पर भटक रहे आवारा पशुओं को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए उन्होंने कई प्रयास किए। लेकिन, प्रदेश सरकार ने कभी भी उनका साथ नहीं दिया।

जागृति संस्था की ओर से तहसील परिसर में क्रमिक अनशन किया जा रहा है। पांचवे दिन निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी व पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने आंदोलनस्थल में पहुंचकर संस्था को अपना समर्थन दिया। कहा कि आवारा पशुओं के संरक्षण व उन्हें अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए उन्होंने सरकार से सहयोग की अपील की। इसके लिए बाकायदा उन्होंने कई पत्र भी सरकार को भेजे। लेकिन, सरकार ने कोई मदद नहीं की। कहा कि शहर की समस्याओं के लिए जनता को जागरूक होना होगा। जनता के एकजुट होने से ही सरकार समस्याओं को लेकर गंभीरता दिखाएगी। पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि सरकार ने नगर निगम बनाकर जनता का शोषण किया है। ग्रामीण क्षेत्रों से जबरन टैक्स वसूलने की भी सरकार तैयारी कर रही है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष मनीष भट्ट, रोहित लखेड़ा, सुनीता नेगी, राजेश सिंह, महावीर सिंह रावत, जितेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार तहसील में आयोजित धरने को समर्थन देते पूर्वकाबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी

### गुरिल्लाओं ने सीएम आवास कूच का लिया निर्णय

श्रीनगर गढ़वाल : एसएसबी गुरिल्ला संगठन की बुधवार को आपातकालीन ऑनलाइन मीटिंग की गई। इसमें प्रदेश के जिला अध्यक्षों ने निर्णय लिया गया कि सरकार एसएसबी गुरिल्ला के पक्ष में फैसला नहीं देती है तो गुरिल्ला 25 जनवरी से पांच फरवरी के भीतर देहरादून सीएम आवास कूच करेंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड शासन के साथ 20 दिसंबर को हुई बैठक के बावजूद अभी तक एसएसबी गुरिल्ला हित में कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। इसको लेकर गुरिल्लाओं में रोष है। इस दौरान में प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर सिंह राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं टिहरी जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गैरोला, जिला अध्यक्ष चंपावत ललित मोहन बगोली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पुण्यतिथि पर चंद्र सिंह बिष्ट को किया याद

नई टिहरी। नशा मुक्ति के लिए जीवन भर संघर्ष करने वाले स्व. चंद्र सिंह बिष्ट की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि, स्व. बिष्ट ने समाज को नशे से दूर करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। बुधवार को भिलंगना ब्लॉक के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज घनसाली में स्व. चंद्र सिंह बिष्ट की पुण्यतिथि में विभिन्न सामाजिक संगठनों, नशा मुक्त भारत अभियान, प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने नशे के विरुद्ध अलख जगाने वाले चंद्र सिंह बिष्ट की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि आनंद बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि, स्व. बिष्ट के कारण ही आज नशे के बढ़ते प्रभाव के बीच भी नशा मुक्त शादियां संभव हो पा रही है।

कार्यक्रम में अपने घरों में नशा मुक्त शादियां करवाने पर चतर सिंह रमोला, राजपाल नेगी, कीर्तन सिंह पंवार, नत्थी सिंह रावत, उज्जवल सिंह पंवार, ममता नौटियाल, डॉ. आरबी सिंह, एडवोकेट लोकेंद्र दत्त जोशी, मालचंद बिष्ट आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेन्द्र बिष्ट, गोविंद रावत, प्रेमलाल त्रिकोटिया, आशुतोष बिष्ट, कृष्णा गैरोला, बेलीराम कंसवाल, केशर सिंह रावत, विनोद लाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### यूपीसीएल में 82 प्रतिशत से अधिक हुआ डिजिटल भुगतान

देहरादून। यूपीसीएल में ऑनलाइन बिजली भुगतान में तेजी आई है। महज कुछ सालों के भीतर ही डिजिटल भुगतान 15 प्रतिशत से बढ़ कर 82 प्रतिशत पहुंच गया है। यूपीसीएल की ओर से डिजिटल भुगतान पर 1.5 प्रतिशत की छूट दी जाती है। यूपीसीएल ने विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने को मौजूदा डिजिटल सेवाओं को अपडेट किया है। ताकि बिजली उपभोक्ताओं को घर बैठे ही बिजली बिल की जानकारी से लेकर बिल भुगतान की सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो सकें। इसके लिए यूपीसीएल ने उपभोक्ता स्वयं सेवा मोबाईल एप तैयार करने के साथ ही अन्य डिजिटल सेवाओं को भी बेहतर बनाया है। इन नए प्रयोगें के जरिए वित्तीय वर्ष 2024–25 तक यूपीसीएल का डिजिटल माध्यमों से भुगतान बढ़कर 82 प्रतिशत से भी अधिक पहुंच गया है। डिजिटलीकरण होने से उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है। डिजिटल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को छूट का भी लाभ मिल रहा है। दस दिन के भीतर डिजिटल से बिजली भुगतान पर 1.5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसके साथ ही ऑफ लाइन समय पर बिल भुगतान होने पर एक प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उपभोक्ता यूपीसीएल के मोबाइल एप के साथ ही यूपीसीएल की वेबसाइट, फोन पे, गूगल पे समेत अन्य डिजिटल माध्यम से भुगतान करने पर भी छूट का लाभ दिया जा रहा है।

### विश्व शांति, लोककल्याण के लिए सहसपुर में होगा कोटी लिंग रुद्र महायज्ञ

देहरादून। धर्मार्थ सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट विश्व शांति और लोक कल्याण के लिए भव्य कोटी लिंग रुद्र महायज्ञ का आयोजन आगामी 28 फरवरी से सात मार्च तक सहसपुर विकासखंड के मिनी स्टेडियम शिव मंदिर शंकरपुर में करेगा। इस यज्ञ में एक करोड पार्थिव शिवलिंगों एवं द्वादश ज्योर्तिलिंगों पर दुग्धभिषेक 151 वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा किया जाएगा। बुधवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में कार्यक्रम के मुख्य आयोजक और ट्रस्ट अध्यक्ष आचार्य नित्यानंद सेमवाल ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने की संभावना है। सर्वे भवंतु सुखिनः के संकल्प को ध्यान में रखते हुए यह 63 वां महायज्ञ है। इसका उद्देश्य विश्व शांति, लोक कल्याण, अध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। महायज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा में धार्मिक संगीत संग झांकियां निकाली जाएगी। शोभायात्रा शिव मंदिर सहसपुर से यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी। वैदिक मंत्रोच्चार, गणेश पूजन और ब्राह्मण वरण की प्रक्रिया होगी। मुख्यमंत्री विशेष धार्मिक पुस्तिका का विमोचन करेंगे। सात दिनी महायज्ञ में यज्ञ कुंडों पर हवन के लिए हजारों आहूतियां दी जाएगी। प्रतिदिन यज्ञ में 108 दीपमालाओं में संगीतमय तांडव स्त्रोत्र का पाठ होगा।

### पूर्व सैनिक संघर्ष समिति निकाय चुनावों में दावेदारी करेगी

देहरादून। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति आगामी निकाय चुनावों में दावेदारी करेगी। बुधवार को बैल रोड क्लेमेनटाउन में हुई बैठक में समिति ने ओआरओपी की विसंगतियों, ईसीएचएस आदि मुद्दों पर संघर्ष का निर्णय लिया है। अध्यक्ष कैप्टन (सेनि) आलम सिंह भंडारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वप्रथम शहीद हुए पांच जवानों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कोषाध्यक्ष कैप्टन (सेनि) विजय सिंह रावत ने समिति का आय–व्यय का ब्योरा रखा। सुबेदार मेजर जयपाल सिंह रावत और सुबेदार मेजर बचन सिंह पटवाल ने पूर्व सैनिकों के लिए भी चुनावों में आरक्षित सीट करने की मांग की। सुबेदार मेजर बादर सिंह रावत ने कहा कि समिति पूर्व सैनिकों की सभी समस्याओं को शासन–प्रशासन तक पहुंचा रही है। संयोजक जयपाल सिंह रावत ने कहा कि छावनी परिषद् क्लेमेनटाउन में चुनाव न होने और छावनी परिषद् भंग होने के कारण विकास कार्य ठप है। अध्यक्ष भंडारी ने कहा कि क्लेमेनटाउन छावनी क्षेत्र तक एक सिटी बस चलती थी जो सेना ने बंद कर दिया है। यदि पोली क्लीनिक क्लेमेनटाउन में खुलता है तो बुजुर्ग पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को आने जाने में काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि सीएसडी कैंटीन, स्टे हेड क्वार्टर, सैनिक अस्पताल, छावनी परिषद् कार्यालय, अस्पताल सभी यहीं हैं। इससे आम जन को भी मुश्मिलों का सामना करना पड़ेगा। मौके पर कैप्टन (सेनि) अशोक लिम्बु , कैप्टन विजय सिंह रावत, सुबेदार मेजर जयपाल सिंह रावत, सुबेदार मेजर बचन सिंह पटवाल, सुबेदार मेजर वाचस्पति विडालिया, सुबेदार गोबिंद सिंह रावत, नायब सुबेदार लक्ष्मन सिंह रावत, कैप्टन अमर सिंह, सुबेदार ब्रिज मोहन सिंह भण्डारी आदि मौजूद थे।

# जसपुर में जयंती पर पूर्व पीएम अटल बिहारी को किया याद



काशीपुर। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को भाजपाइयों ने उन्हें याद किया। इस दौरान उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया गया। बुधवार को भाजपाई दीनदयाल पार्क में पहुंचे। जहां स्व. अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, डॉ. सुदेश, खड़क सिंह आदि ने स्व. अटल जी के पीएम कार्याकाल की उपलब्धियों के बारे में बताया। कहा कि उनका दुनिया से चले जाना भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षति है। यहां राजकुमार चौहान, मनोज पाल, महेश प्रजापति,अशोक खन्ना, विशाल, अनीता पंवार,सुरेंद्र सिंह,वीरेंद्र सिंह, सुधीर विश्नोई, अंकुर सक्सेना, अनिल नागर,पियूष,निखिल आदि रहे। महुआडाबरा मंडल में अध्यक्ष गौतम गिरी, विनीत चौहान, मनोज चौहान, प्राशीष ने अटल जी को याद किया।

### अवैध सड़क निर्माण रोकने की मांग डीएम से की

नई टिहरी। जनपद की तहसील धनोल्टी के लोगों ने बंगसील से उडारसू के मध्य अवैध तरीके से सड़क निर्माण की शिकायत डीएम मयूर दीक्षित ने की। जिस पर डीएम ने एसडीएम धनोल्टी को जांच कर कार्रवाई करने को निर्देशित किया है।

ग्राम पंचायत बंगसील के ग्रामीणों में अरुण गौड़, महेश राणा, विमल राणा, उपेंद्र राणा, अंकित राणा, रविंद्र राणा, संजय रावत आदि ने डीएम को लिखे शिकायती पत्र में बताया है कि क्षेत्र के कुछ शरारती तत्वों द्वारा बंगसील से उडारसु के मध्य एक मोटर मार्ग का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा है। जिसमें अवैध वृक्षों के कटान के साथ वन्य जीवों को प्रभावित करने की संभावना है। जबकि बंगसील व उडारसू दोनों गांवों में वर्तमान में पहले से ही सड़क विद्यमान है। शरारती तत्वों द्वारा सड़क निर्माण गलत नीयत से किया जा रहा है।

## सनातन धर्म में तुलसी का बड़ा महत्व:पंडित पवन शास्त्री

देहरादून। राधा रसिक बिहारी भागवत परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में महादेव विहार निरंजनपुर मंडी चौक में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने तुलसी के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि पूजनीय वृक्षों में तुलसी का बड़ा महत्त्व है। तुलसी का पूजन, दर्शन, सेवन व रोपण आदिदैविक, आदिभौतिक और आध्यात्मिक है तो तमाम प्रकार के तापों का नाश कर सुख–समृद्धि देता है। पद्म पुराण में भगवान शिव कहते हैं तुलसी सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाली है। अपने हित साधन की इच्छा से दंडकारण्य में राक्षसों का वध करने के उद्देश्य से सरयू तट पर भगवान राम जी ने, गोमती तट पर व वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण ने तुलसी की अस्थापना की थी। अशोक वाटिका में सीता जी ने रामजी की प्राप्ति के लिए तुलसी जी का मानस पूजन ध्यान किया था। हिमालय पर्वत पर पार्वती जी ने शंकर जी की प्राप्ति के लिए तुलसी का वृक्ष लगाया था। इन सभी बातों का उल्लेख पद्म पुराण में मिलता है। मौके पर सुनीता पंवार, डॉ. सुगंधा पंवार, सिद्धांत पंवार, अपूर्व पंवार, पूनम पंवार, पंडित मोहन जोशी, पंडित मुकेश बहुखंडी आदि मौजूद रहे।

**तुलसी के पौधे वितरित किए**

देहरादून, अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति, शैल शिखर सामाजिक संस्था व हरि कथा आयोजन समिति द्वारा विजय रतूड़ी मार्ग पर समिति संरक्षक लालचंद शर्मा के माध्यम से बद्रीनाथ तुलसी पौधे वितरित किये गए। लालचंद शर्मा ने कहा कि सनातन सभ्यता संस्कृति की रक्षा के निरंतर प्रयास होने चाहिए। 25 दिसम्बर को हम पाश्चात्य संस्कृति में न डूबे रहें। अपनी संस्कृति की रक्षा करें।

## एसई के खिलाफ ठेकेदारों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की



नई टिहरी। स्थानीय ठेकेदारों ने लोनिवि के 8वें वृत के अधीक्षण अभियंता (एसई) कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ठेकेदारों ने कहा कि यदि बाहरी राज्य के ठेकेदारों को बढ़ावा दिया गया तो स्थानीय ठेकेदार सरकार के खिलाफ आंदोलन को बाध्य होंगे। स्थानीय ठेकेदारों ने लोनिवि के एसई के खिलाफ उनके कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर नारेबाजी कर रोष जाहिर किया। धरना प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों में दिवाकर भट्ट, बलबीर सिंह, भरत राम, दर्मियान सिंह, धनवीर, सोहन सिंह, रोशन सिंह, किशोर मंद्रवाल, नरेंद्र सिंह, घनश्याम, बीएस सजवाण, विजेंद्र सिंह, जीत सिंह, जयवीर सिंह आदि शामिल रहे।

### क्रिसमस फैशन शो में नंदिनी, गौरिका, मेहरप्रीत, अमायरा विजयी

देहरादून। राजपुर रोड स्थित डब्ल्यूआईसी इंडिया ने बुधवार को अपने परिसर में किड्स क्रिसमस फैशन शो 2024 का आयोजन करके धूमधाम से क्रिसमस मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के लिए अद्भुत क्रिसमस का अनुभव देना था।

इसमें रैंप वॉक, टैलेंट शोकेस, सांता क्लॉज़ से मिलना–जुलना, फेस पेंटिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता सहित कई रोमांचक गतिविधियां शामिल थीं। प्रतिभागियों को ऑरेंज स्टोर और स्कूल स्टफ द्वारा रिटर्न गिफ्ट, पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में 3 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने रैंप पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और उत्सव की भावना दर्शाई।

## क्रिसमस पर्व के अवसर पर देहरादून के विभिन्न चर्च के प्रतिनिधियों ने राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया



देहरादून। क्रिसमस पर्व के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में देहरादून के विभिन्न चर्च के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर क्रिसमस केक काटने के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत क्रिसमस कैरोल के मधुर गायन से हुई, जिसमें बच्चों और युवाओं ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में सेंट जॉन्स चर्च, सेंट मॉरिसन मेमोरियल चर्च, सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च, सेंट थॉमस चर्च के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कैरोल गायन किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस प्रेम, करुणा और सेवा का पर्व है, जो हमें आपसी सद्भाव और एकता की सीख देता है। उन्होंने इस अवसर को सभी धर्मों और समुदायों के बीच समन्वय और भाईचारे को मजबूत करने का एक आदर्श अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत हमें सभी त्योहारों को मिल–जुलकर मनाने की प्रेरणा देती है, जिससे समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने सभी उपस्थित लोगों को क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए।

# खनन माफियाओं पर चलाया कानून का सख्त हंटर

**–कम्पांउडिंग/पेनल्टी के खेल से बाज आएं अधिकारी : डीएम**

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने जनपद में अवैध खनन/चुगान, अवैध भण्डारण एवं अवैध परिवहन के विरूद्ध व्यापक कार्यवाही हेतु सख्त आदेश करते हुए राजस्व विभाग, व्यापार कर, जी०एस०टी० व अन्य समस्त सम्बन्धित विभागो को आदेशित किया है कि संयुक्त रूप से अवैध खनन/चुगान, अवैध भण्डारण एवं अवैध परिवहन के विरूद्ध व्यापक जनहित, राजकीय हित, लोक शान्ति व कानून व्यवस्था कायम रखने प्रभावी कार्यवाही को निर्देशित किया। नैनीताल में जिलाधिकारी रहते खनन के अवैध खनन के विरूद्ध व्यापक अभियान चलाते हुए खनन माफियाओं पर की गई थी सख्त कार्यवाही।

कालसी, डोईवाला ऋषिकेश में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा क्षेत्र में अवैध खनन की प्राप्त हो रही हैं शिकायत को दृष्टिगत रखते हुए अवैध खनन, भण्डारण एवं परिवहन पर आदेश प्रभावी नियंत्रण हेतु आदेश अत्यंत

डीएम ने खनन माफियाओं पर सख्त आदेश जारी करते हुए नए कानून का सख्त हंटर चलाया है। डीएम ने आदेश जारी कर कम्पांउडिंग/पेनल्टी के खेल पर भी रोक लगेगी। डीएम ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी कड़े शब्दों में निर्देश दिए थे। अवैध खनन, भण्डारण एवं निर्धारित क्षमता से अधिक खनन एवं परिवहन पर सीधा दर्ज हो बीएनएस में मुकदमा एवं वाहन जब्त। डीएम ने कहा कि चंद एक प्रभावी प्रवर्तन से ही करना है अवैध होसलों को पस्त किया जा सकता है इसके लिए उन्होंने राजस्व विभाग, व्यापार कर, जी०एस०टी०, वन, सिंचाई, खनन व अन्य समस्त सम्बन्धित विभागो की बहुत बारीकी से जिम्मेदारी तय कर दी है। अवैध खनन, अवैध भण्डारण व परिहवन का प्रकरण संज्ञान में आने पर कार्यवाही न किए जाने पर जिस क्षेत्र/विभाग के अधिकारी की संलिप्तता सामने आए, उसका सरंक्षण मानते सुसंगत धाराओं में होगी विधिक कार्यवाही।

आदेशों में शिथिलता बरतने का काई स्कोप नही। नैनीताल में जिलाधिकारी रहते खनन के अवैध खनन के विरूद्ध व्यापक अभियान चलाते हुए खनन माफियाओं पर की गई थी सख्त कार्यवाही। वहीं अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु मुकदमा दर्ज करने में जेडी लॉ/अभियोजन अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय की गई है।

जनपद देहरादून सीमान्तर्गत राजस्व भूमि, वनभूमि, अन्य विभागीय भूमि में जहां से भी उपखनिज / आर०बी०एम० अथवा बालू, बजरी एंव बोल्डर्स के अवैध खनन / चुगान कर अवैध भण्डारण एवं अवैध परिवहन के प्रकरण पाये जाते हैं, सम्बंधित विभाग द्वारा अवैध खनन / चुगान, अवैध भण्डारण एंव अवैध परिवहन पर प्रभावी नियत्रंण एंव रोकथाम किये जाने के उद्देश्य से, खनन अधिनियम के प्राविधानो के अधीन की जाने वाली कार्यवाही के अतिरिक्त, अवैध खनन / चुगान कर अवैध भण्डारण एवं अवैध परिवहन में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय सहित की सुसंगत धाराओं 303 व 317 एवं अन्य में तत्काल आपराधिक अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा और वन भूमि से सम्बन्धित होने पर उपरोक्त धाराओं के अतिरिक्त भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में भी अभियोग पंजीकृत किया जाना अनिवार्य होगा, जिस हेतु संयुक्त निदेशक, विधि एवं अभियोजन अधिकारी सम्बन्धित अधिकारी को प्रथम सूचना रिपोर्ट तैयार कराने व दर्ज कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

# महाराज ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नयाब सिंह सैनी से भेंट कर महाभारत सर्किट से पर विस्तृत चर्चा की।

प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नयाब सिंह सैनी से दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में शिष्टाचार भेंट कर उनसे कहा कि उत्तराखंड में महाभारत काल से जुड़े कई ऐतिहासिक और पौराणिक स्थान हैं। यहीं से पांडव स्वर्ग रोहण को भी गए थे। इसलिए हम प्रदेश में महाभारत सर्किट को विकसित करने पर कार्य कर रहे हैं। इससे निश्चित रूप से पर्यटकों को महाभारत काल के इतिहास, संस्कृति और पौराणिक कथाओं को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि महाभारत सर्किट के तहत कुरूक्षेत्र को उत्तराखंड के उन स्थानों से जोड़ना चाहिए जहां–जहां पाण्डवों ने प्रवास किया।

## राज्यपाल ने वीर बाल दिवस के अवसर पर वीर साहिबजादों का भावपूर्ण स्मरण किया



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीर बाल दिवस के अवसर पर वीर साहिबजादों का भावपूर्ण स्मरण किया है। उन्होंने बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह एवं माता गुजरी जी के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व संध्या में जारी संदेश में राज्यपाल ने कहा कि वीर साहिबजादों का त्याग, बलिदान और साहस हमारे धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि ''वीर बाल दिवस'' भारतीयों के दिलों में विशेष स्थान रखता है, जो बच्चों के अद्वितीय योगदान और साहस को याद करता है। साहिबजादों ने मुगलों के खिलाफ खालसा पंथ की गरिमा बनाए रखने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

राज्यपाल ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह सीख देता है कि चुनौतियों के सामने कभी झुकना नहीं चाहिए और अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े रहना चाहिए। यह दिन एक संदेश देता है कि, सच्चे साहस और त्याग की कोई सीमा नहीं होती। हम कभी भी, कहीं भी राष्ट्र हित के लिए कुछ कर गुजर कर अपने को इतिहास में अमर कर सकते हैं। वीर साहिबजादों का बलिदान और विचार राष्ट्रप्रेम की भावना को दर्शाता है।

### वाजपेयी सभी राजनैतिक दलों के आदर्श और प्रेरणाश्रोत: गणेश जोशी

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गढ़ी कैंट डाकरा स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। उन्होंने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनका भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए सभी को सुशासन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। वाजपेयी अजातशत्रु थे। उनका उत्तराखंड से गहरा नाता रहा। दशकों की लंबी मांग के बाद अगर उत्तराखंड देश के मानचित्र पर अलग राज्य के रूप में वजूद में आ पाया तो, इसमें सबसे निर्णायक भूमिका अटल बिहारी वाजपेयी की रही। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों को जोड़ने का काम भी अटल बिहारी वाजपेयी की दूरगामी सोच के कारण ही सम्भव हो सका।

## दून रेंजर्स ग्राउंड में 27—28 को आयोजित होगा ठोउड़ा नृत्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव

देहरादून। जौनसार बावर पौराणिक सांस्कृतिक लोक कला मंच एवं सामाजिक संस्था की ओर से 27 और 28 दिसम्बर को रेंजर्स ग्राउंड में ठोउड़ा नृत्य व सांस्कृतिक महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर के कलाकार प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम के मुख्यअतिथि होंगे।

उनके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और विधायक मौजूद रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष कुन्दन सिंह चौहान ने बताया कि तीन साल से निरंतर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस बार प्रदेशभर से दो सौ से अधिक लोक कलाकारों को महोत्सव में आमंत्रित किया गया है। ये सभी अपने–अपने क्षेत्रों की संस्कृति व नृत्य की प्रस्तुति देंगे। ठौउड़ा नृत्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव– 2024 का शुभारम्भ आमंत्रित सभी कलाकारों द्वारा अखिल गढ़वाल सभा नैशविला रोड, देहरादून से एक लोक सांस्कृतिक यात्रा निकाल कर किया जाएगा। इसमें शामिल कलाकार अखिल गढ़वाल सभा से निकलकर एश्लेहॉल चौक, गांधी पार्क, घंटाघर से होते हुए रेंर्जस ग्रांउड पहुंचेंगे।

इसके बाद वाद्ययंत्रों की सामुहिक प्रस्तुति होगी। महोत्सव में ठौउड़ा नृत्य, जुड्डा नृत्य, बिरूड़ी, हाथी नृत्य, झौंता रासो नृत्य, जंगाबाजी, ढोल सागर, जौंगु बाजू आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा पौराणिक वेशभूषा में मॉडलिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड की की लोक गायिका रेशमा शाह, वरिष्ठ लोक गायक सीताराम शर्मा, धर्मेंद्र परमार, राजेन्द्र शाह, अज्जू तोमर, सन्नी दयाल, विनोद चौहान, सावित्री राणा, मनोज सागर, विजय नेगी, निकेश वर्मा, प्रसिद्ध गायक सुरेन्द्र राणा, नरेश बादशाह, राकेश दिलवर, अरविन्द राणा, किशन चौहान, कुम्पाल भारती, युवा लोक गायक अनुप चांगटा, सचिन वर्मा, रितिक बंगाणी, दिनेश चौहान, जयवीर चौहान के अलावा हिमाचली लोक गायक कपिल शर्मा, विनोद रांठा आदि लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

# जयंती पर भाजपाइयों ने अटल को किया याद



नई टिहरी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर भाजपा कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी से पूर्व सभी एकत्र भाजपाइयों ने स्व अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में स्व अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व पीएम स्व अटल की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज भाजपा देश में काबिज हुई और देश के विकास के लिए स्व बाजपेई के सोच के अनुरूप कार्य किये जा रहे हैं। देश व समाज के विकास में बाजपेई का अहम रोल रहा है। पत्रकार रहते हुए भी उन्होंने देश सेवा में अहम भूमिका निभाई। उनकी निष्पक्षता, स्वच्छ छवि व ठोस निर्णयों से आज हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। स्व बाजपेई के विकास के कामों को आज भी आगे भी याद किया जाता रहेगा। इस मौके पर नई टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली, भाजपा के जिला मीडीया प्रभारी डा प्रमोद उनियाल, जिला महामंत्री उदय रावत, असगर अली, अतीक अहमद, मंजू चंद, शीशराम थपलियाल सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## दून में राठ के लोगों ने क्षेत्र की प्रतिभाओं को नवाजा

देहरादून। राठ जन विकास समिति ने बुधवार को अपने स्थापना दिवस पर क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया। बाईपास रोड स्थित संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में समारोह का आयोजन किया गया। लोक कलाकारों ने राठ क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति को मंच पर प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि उन्हें खुद पर गर्व है कि वह राठ क्षेत्र से हैं। उन्होंने राठ जन विकास समिति के प्रयासों की सराहना की। कहा कि जिस तरह से क्षेत्र के सभी लोग एकजुट होकर न सिर्फ सामाजिक सरोकारों से जुड़े हैं, बल्कि सांस्कृतिक तौर पर अपनी अगल पहचान बना रहे हैं। आज 1300 से अधिक परिवार सीधे तौर पर राठ जन विकास समिति से जुड़े हैं, यह बहुत बड़ी बात है। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इन्हें राठ क्षेत्र की महिलाओं और कलाकारों ने प्रस्तुत किया। सरिता भट्ट ने अपनी टीम के साथ मां नंदा राजजात की यात्रा का सुदंर चित्रण मंच पर किया। रेखा रावत ने हम राठी छन गीत गाकर खूब तालियां बटोरी। गीता नेगी और पूनम रतूड़ी ने रामी–बौराणी पर सुदंर लोकनृत्य पेश किया। ध्रुव रतूड़ी ने अपने साथियों के साथ गढ़वाली गीत गाया। चौमास म्यूजिक ग्रुप की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा। इस मौके पर मेजर जनरल(सेवानिवृत्त) गुलाब सिंह रावत, मातबर सिंह रावत, पद्मश्री कन्हैया लाल पोखरियाल, देव प्रसाद बंखवाल, कर्नल गिरीश खंकरियाल, पैनेसिया अस्पताल के प्रबंध निदेशक रणबीर सिंह चौहान, पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. आरके पंत, समिति के पूर्व अध्यक्ष शेखरानंद रतूड़ी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com